आकाश गुप्ता की कामेडी में लगे ठहाके

वाराणसी। फ़्यूजन एंड कौमेडी नाइटः के तहत दिन का अंत बेहद शानदार रहा। प्रसिद्ध कौमेडियन आकाश गुप्ता की लाजवाब कॉमेडी ने सबको खूब हंसाया। समसामयिक दुखद सुखद घटनाओं को हास्यप्रद तरीके से बताकर सभी को खूब हंसाया। ट्रैप बैंड की बीट पर सब दिल खोल कर नाचे व पूरे दिन चली मनोरंजक-प्रतियोगिताओं की थकान को भुला सब मगन हो गए।

आईआईटी बीएचयू के सांस्कृतिक एवं समाजिक महोत्सव काशीयात्रा-2019 का दूसरा दिन मस्ती और उत्साह के साथ शुरू हुआ। मिस्टर हैप्पी माडल स्कूल के अभय सिंह मिस्टर काशीयात्रा बने और मिस काशीयात्रा का खिताब सनबीम की आयुषि खरे ने हासिल किया। डिजाइन एलीगेंटे में आईएनएफआईडी वाराणसी ने बाजी मारी।

कूट ए रंग (सोलो डान्स), एक्सटेसी (डूएट डान्स)

राजपूताना ग्राउंड्ज में सुबह सोलो डान्स के प्रेलिमस तो शाम को फाइनल का आयोजन करा डान्स के नायकों का फैसला आज ही किया गया। पूरे दिन राजपूताना ग्राउंड्ज में ठुमके लगते रहे। दोपहर को डूएट डान्स हुआ जिसमें दो की टीम हिस्सा लेती है। नीरज यादव और साहिल खान निर्णायक रहे।

रंगमंच को लेकर आकर्षण

स्टेज प्ले (नाटक) की इस प्रतियोगिता से दूसरे दिन की शुरूआत हुई। 8 बजे से जी-11 में शुरू हुयी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण में मशहूर अभिनेता शिशिर शर्मा शामिल थे। समाज की समस्याओं को उजागर करने के मकसद से तैयार किए गए नाटकों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। भावुक कर देने वाले कुछ नाटकों ने लोगों ने बहुत सराहा।

रैपिड फायर (आर्ट मैरथॉन)

समय की सीमायों में बंधे कलाकारों ने अपनी कल्पना का इस्तेमाल कर बनाए गए डिजाइन भौचक्का कर देने वाले थे। आईआईटी रुड़की, इजाबेला थौबेर्न जैसे विख्यात कोलेंजो से आइ ३९ टीमों के १२० छात्रों ने इस प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। संध्या स्वामिनाथन और गौरव जुयाल निर्णायक रहे।

बीएचयू

मिस्टर अभय और मिस काशीयात्रा बनीं आयुषी

काशीयात्रा-2019 में रोमांच

सुरः में सोलो सिंगिंग का प्रिलिंस

आज स्वतंत्रता भवन में आयोजित सोलो सिंगिंग के प्रीलिम्स में बाजी मारने वाले छात्र-छात्रा कल इसके फाइनल में सुरों का जलवा बिखेरेंगे। सैकड़ों में आइ प्रतिभागिता के चलते इस प्रतियोगिता को तीन राउंड में कराना पड़ा। आज इसका दूसरा राउंड था जिसमें 61 प्रतिभागियों ने सुर से सुर मिलाए। कल इसका अंतिम राउंड शताब्दी भवन में होगा।

बेटल औफ बैंड्जः इंग्लिस राक बैंड का कार्यक्रम

इंग्लिश रॉक बैंड्ज के इस कार्यक्रम का आयोजन दोपहर को एडीवी ग्राउंड्ज में किया गया। पाँच टीमों ने रॉक म्यूजिक से स्टेज पर आग लगाई।

समवादः

समवाद के अंतरगत तीन इवेंट आयोजित किए गए। शिपरेक कोव (इंग्लिश इक्स्टेम्परी), आशुभाशन (हिंदी इक्स्टेम्परी) तथा स्टैंड अप कोमेडी का आयोजन छळ ३ में सुबह १० बजे से शुरू हुआ। बेनेट्ट यूनिवर्सिटी, दिलली यूनिवर्सिटी, एचबीटीयू आदि बड़े कॉलेज इसमें शुमार हुए। समवाद में कुल मिलकर ५० से भी अधिकत टीमों ने शिरकत की। स्टैंड अप कोमेडी में प्रतिभाशाली छात्रों ने लोगों को खूब हँसाया तो दूसरी ओर इक्स्टेम्परी में रखे गए विचारों ने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। शाम को हिंदी के इवेंट - हिंदी वर्ड गेम का आयोजन किया गया।

इंडिया क्विजः

स्वतंत्रता भवन में आयोजित इंडिया क्विज में सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाए। दोपहर को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता ने नई ऊँचाइयाँ छुईं।